पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी पीजेंट शो का उद्घाटन

## आतिथ्य सत्कार भारतीय परंपरा की सबसे बड़ी पूंजी

## स्काउट गाइड दूसरों की जिंदगी को आसान बनाने सेवा सहायता दूसरों के कष्ट को दूर करने के लक्ष्य को लेकर ही आगे बढ़ता है

## स्काउट गाइड स्वैच्छिक शैक्षिक आंदोलन, युवाओं में बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक विकास इसके माध्यम से संभव

## अनुशासित, आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और समाज के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने का काम करता है स्काउट गाइड

—श्री सुरेश कुमार खन्ना

लखनऊ : 26 नवंबर, 2025

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में पीजेंट शो का उद्घाटन करते हुए विभिन्न प्रांतो एवं संस्कृतियों तथा देश विदेश से आए स्काउट गाइड का उत्तर प्रदेश के लखनऊ की धरती पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि आतिथ्य सत्कार भारतीय परंपरा की सबसे बड़ी पूंजी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने हर प्रकार से प्रयास किया है कि इस जंबूरी में आए हुए लोगों का पूरा सम्मान हो तथा उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

''**तुम जो उठते हो तो उठता है जमाना सारा, तुम जो सोते हो तो सोती है मुल्क की किस्मत। तुम जो हंसते हो तो हंसती है देश की मिट्टी, तुम जो रोते हो तो रोती है मुल्क की किस्मत**'' इन लाइनों के माध्यम से जम्बूरी में उपस्थित स्काउट—गाइड के उत्साह, अनुशासन और सेवा—भाव की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य एवं सफल जीवन की हार्दिक शुभकामनाएं कामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि भाईचारा की भावना से ही देश और दुनिया में शांति व खुशहाली हो सकती है। इसी सूत्र की सेवा भावना को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे देश और दुनिया में इतना बड़ा आयोजन अपने आप में मील का पत्थर बनेगा जहां इतनी बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के द्वारा सेवा का एक माहौल बनाने का प्रयास किया गया है। हमारी जिंदगी का उद्देश्य भी यही होना चाहिए कि दूसरों की जिंदगी को आसान से आसान बनाने का प्रयास किया जाए। मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म होता है।

श्री खन्ना ने कहा कि स्काउट गाइड अत्यंत पवित्र एवं सेवा का क्षेत्र है। दुनिया के सभी मजहबों ने दूसरों की सेवा एवं उनकी जिंदगी को किसी न किसी रूप में आसान बनाने को ही मूल धर्म माना है। स्काउट गाइड दूसरों की जिंदगी को आसान बनाने सेवा सहायता दूसरों के कष्ट को दूर करने के लक्ष्य को लेकर ही आगे बढ़ता है।

श्री खन्ना ने कहा कि हिंदुस्तान में स्काउट की नींव रखने वाले श्री राम जी वाजपेई जी उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर क्षेत्र के थे। स्काउट के बुनियाद से लेकर वर्तमान स्वरूप तक उनका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने हमेशा प्रयास किया है, कि स्काउट के गुणों में उत्तरोत्तर वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड स्वैच्छिक, शैक्षिक आंदोलन है। युवाओं में सभी प्रकार बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक विकास इसके माध्यम से संभव है। अनुशासित, आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और समाज के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने का काम स्काउट गाइड करता है।

श्री खन्ना ने पेजेंट शो का शुभारम्भ किया तथा आकर्षक पुलिस बैंड की मनमोहक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विभिन्न राज्यों एवं धार्मिक–सांस्कृतिक परंपराओं को प्रदर्शित करती राज्य एवं सांस्कृतिक झांकियों का अवलोकन किया। रंग बिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, लोकनृत्य, संगीत, चलित झांकियों और आकर्षक थीम–आधारित एक्ट्स से सजे, इस विशेष आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों की कला परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को प्रभावशाली रूप में प्रदर्शित किया। प्रतिभागी अपने–अपने प्रदेश और विषय की विशेषताओं को अनुशासित, सुंदर और मनोहारी तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे दर्शक कम समय में भारत की विविधता का अनुभव प्राप्त कर सके। आयोजकों के अनुसार यह पीजेंट शो केवल कला और संस्कृति का उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और भारतीय परंपरा के गौरव का सशक्त संदेश भी देता है।

इस अवसर पर डॉ प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्य आयुक्त, डॉ राजेश मिश्रा स्टेट कमिश्नर (स्काउट), ललिता प्रदीप स्टेट कमिश्नर (गाइड) एवं अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। समापन के अवसर पर डॉ महेंद्र सिंह एवं डॉ प्रभात कुमार द्वारा संयुक्त रूप से माननीय श्री सुरेश खन्ना जी को जंबूरी का पवित्र शुभंकर–प्रतीक 'शार्दू' भेंट किया गया।

---

**सम्पर्क सूत्र**– जयेन्द्र सिंह

राम यतन/06:20 **PM**